# 10 .61 लाख की राशि से बनेगा स्कूल भवन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जनसुनवाई के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी विवादों का निराकरण करें तथा अतिक्रमण सहित जमीन पर कब्जा करने के मामलो में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जायें। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी फील्ड विजिट कर मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का आंकलन करें तथा गांव में ही ऐसे मामलों को निराकृत करायें। उन्होंने कहा कि विधुत मंडल के अधिकारी संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निराकरण सकारात्मक रूप से सुनिश्चित करे। इसके साथ ही उन्होंने पीएचई, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को सतत् रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश भी दिये।

**राजस्व अधिकारियों को फील्ड भ्रमण करने के निर्देश**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 322 आवेदन प्राप्त हुए।

**लूंड गांव में 10.61 लाख की राशि से बनेगा स्कूल भवन, राशि जारी :** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत लूंड में प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण की मांग पर अवगत कराया कि शासन द्वारा नवीन भवन के निर्माण के लिए 10 लाख 61 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है, जिसे डीपीसी द्वारा क्रियान्वयन एजेंसी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी को भेज दिया गया है। उन्होंने डीपीसी को निर्देश दिये कि उक्त भवन का निर्माण तत्काल शुरू किया जायें तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराया जायें। उक्त मामले में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मीणा सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा स्कूल निर्माण के संबंध में आवेदन दिया गया था।

**निराश्रित बालक को स्पॉन्सरशिप योजना से जोडे, संबल का लाभ भी दें :** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा निराश्रित बालक को महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना से जोडने तथा पिता की मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान बालक के दादा नेतराम बैरवा ने बताया कि उसके पुत्र स्व. गिर्राज बैरवा की मृत्यु हो गई है तथा बहु स्व. श्रीमती पिंकी बैरवा की भी मृत्यु हो गई है। उनका 6 साल का पुत्र है, जिसकी देखभाल उनके द्वारा की जा रही है। इस पर निर्देश दिये गये कि बालक के गार्जियन नियुक्त करने की कार्यवाही महिला बाल विकास विभाग द्वारा की जायें और बालक को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4 हजार रूपये की मासिक राशि उपलब्ध कराई जायें, इसके साथ ही पिता स्व. गिर्राज बैरवा की सामान्य मृत्यु के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत 2 लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने हेतु प्रक्रिया पूर्ण की जायें।

**उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर डिमांड भेजने के निर्देश :** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के पुराने प्रकरणों में संबंधित जनपद पंचायत श्योपुर से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर राशि के लिए डिमांड भेजने के निर्देश श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये गये। आवेदक श्री हनुमान सुमन निवासी पच्चीपुरा ने अवगत कराया कि उसके पिता स्व. श्री इन्द्रराज सुमन की मृत्यु 2019 में हुई थी तथा संबल योजना में पात्र थे, उन्हें अभी तक अनुग्रह राशि नही मिली है। इस प्रकरण की जांच उपरांत पाया गया कि तत्कालीन समय में राशि डायरेक्ट हितग्राही के खाते में ट्रांसफर नही होकर जनपद के खातो में आती थी, तत्समय अन्य हितग्राहियों को भुगतान कर दिया गया था, लेकिन उक्त प्रकरण में हितग्राही को राशि जारी नही हो सकी।

**सिंगल फेस मोटर डालने के निर्देश**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा ग्राम सोहन सिंह का डेरा के ग्रामीणों की मांग पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री एलपी सिंह को निर्देश दिये कि गांव में स्थापित हैंडपम्प में सिंगल फेस मोटर डाली जायें, ग्रामीणों ने अवगत कराया कि सोहन सिंह का डेरा में लगा हैंडपम्प जलस्तर घट जाने से अनुपयोगी हो गया है, इस पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि हैंडपम्प के बोर में सिंगल फेस मोटर डालकर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें।

## एक नजर में




### वन अधिकार के तहत लंबित दावों का निराकरण करें : डीएम

**श्योपुर, 26 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न स्तरों पर प्राप्त लंबित दावो का निराकरण गंभीरता से किया जायें, एमपी वनमित्र पोर्टल के माध्यम से दावो से संबंधित आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि वन अधिकार दावो के परीक्षण में भूमि से संबंधित लीगल डॉक्यूमेंट, सैटेलाइट इमेज तथा बुजुर्गो के कथन आदि को नियमानुसार मान्य किया जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, जनपद सदस्य श्रीमती कलावती बाई, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, एसडीएम गगन सिंह मीणा, एसीईओ जिला पंचायत अजय उपाध्याय, सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता, सीईओ जनपद विजयपुर दीपक धाकड, श्योपुर एसएस भटनागर आदि उपस्थित थे।

### 12वीं बोर्ड की द्वितीय परीक्षा में शामिल हुए 44 परीक्षार्थी

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों पर 12वी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। गणित विषय की परीक्षा में 44 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 05 सेंटरों पर आयोजित हुई। गणित विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 49 परीक्षार्थियों में से 44 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 05 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।



### आईटी एवं ईटी विद्यार्थियों के लिए कौशल प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर।** सांदीपनि विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड आईटी एवं ईटी के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की 20 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यशाला संपन्न हुई। प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि 20 दिवसीय कार्यशाला के दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कार्य कौशल एवं कम्प्युटर संचालन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण व्यवसायिक प्रशिक्षक राघवेंद्र तिवारी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर प्रशिक्षक शुभम शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।




### कराहल, निमोदामठ, पनवाड़ा में जल संरक्षण पर कार्यक्रमों का आयोजन

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद के तत्वावधान में मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल नीमोदा मठ पर भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नदी पूजन किया गया एवं सीप नदी को चुनरी चढाई तथा दीपदान किया। इस अवसर पर कराहल एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, भाजपा गोरस मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुर्जर, ग्राम पंचायत बंधाली के सरपंच कैलाश आदिवासी, प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती सुषमा सोनी, जनअभियान परिषद कराहल की विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह गौतम, सचिव मुरारी शर्मा, नवांकुर संस्था सतगुरु शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति से कल्याण मारू, जनपद सदस्य मोहर सिंह आदिवासी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बादाम मारू, श्रीमती कलावती आदिवासी, सहायिका श्रीमती द्रोपती मारू, श्रीमती सरिता आदिवासी, श्रीमती आशा, रोजगार सहायक पवन शर्मा, पूरन मारू, रामहेत, इंजीनियर पुष्पेंद्र दांतरे, पीएचई विभाग से विजय एवं नीरज श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु ग्रामीण मौजूद रहे।

## मलेरिया नियंत्रण व रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिन्दल के निर्देशन में जिले के विभिन्न विकासखंडों में डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण हेतु व्यापक जन-जागरूकता, लार्वा सर्वे एवं फीवर सर्वे गतिविधियाँ संचालित की गईं।

विकासखंड श्योपुर (बड़ौदा) के ग्राम तिल्लीपुर में डेंगू केस की सूचना प्राप्त होने पर एमआई मानसिंह पारस एवं एमटीएस अरविन्द गर्ग द्वारा रोगी के घर का भ्रमण कर केस की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। टीम द्वारा आशा सहयोगी एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ 57 घरों में पायराथ्रम स्पेस स्प्रे एवं लार्वा सर्वे किया गया तथा 8 लोगों की मलेरिया किट द्वारा जांच की गई, जिसमें सभी व्यक्ति मलेरिया नेगेटिव पाए गए।

इसी क्रम में विकासखंड विजयपुर की पीएचसी वीरपुर में डिप्टी डायरेक्टर डॉ.सुनील यादव, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघवेंद्र कर्ण एवं एमटीएस साहिब कुरैशी द्वारा बुखार रोगियों की जानकारी लेते हुए ग्राम हारकुई में मलेरिया नियंत्रण गतिविधियों के अंतर्गत बुखार रोगियों की जांच एवं समुदाय बैठक आयोजित की गई।

विकासखंड कराहल के ग्राम मेहरबानी में एमआई नरसिंह गौड़, सीएचओ श्रीमती महिमा चौहान, आशा कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति कुशवाहा, श्रीमती दुलारी देवी एवं श्रीमती रोशनी देवी तथा श्री दुर्गा

## जिले में नलकूप खनन पर रोक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 26 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत आमजन को पेयजल की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए श्योपुर जिले को आगामी आदेश तक की अवधि के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है जिसके चलते संपूर्ण जिले में नवीन नलकूपों के खनन पर रोक रहेगी साथ ही जल स्त्रोतों का उपयोग पेयजल के लिए ही किया जा सकेगा।

**पेयजल परीक्षण अधिनियम के तहत आदेश जारी**

जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना अनुज्ञा के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में किसी भी जल स्त्रोत से घरेलू प्रयोजन को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजन के लिये किन्ही भी साधनों के द्वारा जल नही लेगा। कोई भी व्यक्ति अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुज्ञा के बिना जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र में किसी भी प्रयोजन के लिए नलकूप नही खोदेंगे। पेयजल परिक्षण अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन किये जाने पर 02 वर्ष के कारावास के दण्डनीय होगा।

**पेयजल से सुविधा से जुडे अधिकारियों के अवकाश पर रोक :** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् रूप से पेयजल आपूर्ति बनाये रखने तथा पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण किये जाने के क्रम में पीएचई अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इसी के साथ जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के मैदानी तथा प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश को भी प्रतिबंधित किया गया है।

### कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरण शिविर 1 जून से

**श्योपुर, 26 मई।** एडिप योजना अंतर्गत एलिम्को के निर्देशानुसार जिले की निकायों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर दिव्यांगजनो को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरित किये जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री शशि किरण इक्का ने बताया कि जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय श्योपुर अंतर्गत दिव्यांगजनो के लिए को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरित हेतु शिविर 01 जून को डीडीआरसी भवन बायपास रोड श्योपुर पर आयोजित किया जायेगा।

## स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना में स्वास्थ्य सामग्री/उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 26 मई।** स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना के तहत एवं अप्रावा एनर्जी लिमिटेड के सहयोग से धरती संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग विजयपुर में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को ओर अधिक सुद्रढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु स्वास्थ्य सामग्री/उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य




केंद्र विजयपुर में किया गया।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :** जन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदन बनाने की दिशा में एक पल विकसित होगी। 2 दूरस्थ एवं वंचित शहरिया समुदाय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना एवं आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुंचेगी। प्रदाय की गई स्वास्थ्य संबंधी सामग्री स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्य अतिथि डॉ कर्ण , दिलीप दंडोतिया , कमल किशोर जाटव, साहिब कुरैशी , डॉ नेहा त्यागी जी श्री धर्मेंद्र गौड , साधना बॉथम, कला देवी, अंजिता मरकम, पुष्पा आदिवासी, हरू एवं आशाये एवं धरती संस्था से दशरथ अहिरवार प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीताराम शर्मा, वीरेंद्र कुमार, अशोक आदिवासी, जगमोहन जाटव, प्रीति सेन कलस्टर कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

### बैठक आयोजित

**श्योपुर, 26 मई।** एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जनपद सभागार विजयपुर में उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित 348 दावों को उपखण्ड स्तर के पोर्टल पर ऑनलाइन प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सीईओ जनपद विजयपुर दीपक धाकड, आकांक्षी ब्लॉक फेलो अखिलेश तोमर आदि उपस्थित रहे।

## गसवानी में कलश यात्रा, जल संवाद का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 26 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जनपद पंचायत विजयपुर अंतर्गत ग्राम गसवानी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलश यात्रा एवं जल संवाद का आयोजन किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत संचालित नवांकुर संस्था कौशिकी सोशल वेलफेयर एंड एनवायरमेंट सोसाइटी ग्राम गसवानी के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जनपद सीईओ विजयपुर दीपक धाकड, सब इंजीनियर गुप्ता, मनीष राजौरिया, राकेश जाटव, सरपंच प्रतिनिधि अमित तिवारी, संस्था सचिव दिलीप तिवारी आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर बड़े मंदिर से कोठारी वाले हनुमान मंदिर तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जल संवाद कार्यक्रम में सीईओ जनपद श्री दीपक धाकड ने कहा कि जल ही जीवन है जल नहीं तो कल नहीं, इसलिए सभी ग्रामीण जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षाजल का संग्रहण किया जायें। इस अवसर पर एनआरएलएम के ब्लॉक समन्वयक श्री बृजेश शर्मा द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बढ़ रहे चोरी के मामले

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 26 मई।** विजयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अब इलाज से ज्यादा चोरी की घटनाओं को लेकर चर्चा में है। अस्पताल परिसर में लगातार हो रही चोरियों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

ताज़ा मामला रविवार-सोमवार की दरमियानी रात का है, जब अज्ञात चोर अस्पताल परिसर में रखी करीब 300 मीटर बोर की केबिल चोरी कर ले गए। जानकारी के मुताबिक अस्पताल की बोर मोटर खराब होने के



कारण उसे सुधार के लिए बाहर निकाला गया था और केबिल परिसर में ही रखी हुई थी। इसी का फायदा उठाकर चोर रात के अंधेरे में पूरी केबिल समेट ले गए।

हैरानी की बात यह है कि यह अस्पताल परिसर में पहली चोरी नहीं है। करीब पांच माह पहले 25 जनवरी की रात अज्ञात चोर आईपीडी वार्ड परिसर से एसी के तीन आउटर यूनिट भी चोरी कर ले गए थे। उस समय विजयपुर प्रभारी बीएमओ राघवेंद्र कर्ण द्वारा थाने में लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने आज तक न तो एफआईआर दर्ज की और न ही चोरों की कोई सुराग तलाश सकी।

अब सवाल यह उठ रहा है कि जब पहली बड़ी चोरी पर कार्रवाई नहीं हुई, तो क्या उसी ढिलाई ने चोरों के हौसले बुलंद कर दिए? अस्पताल जैसे संवेदनशील सरकारी परिसर में लगातार चोरी की घटनाएं होना सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर कर रहा है।

ग्रामीणों और अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते पहली घटना पर सख्त कार्रवाई होती, तो शायद दूसरी चोरी नहीं होती। लेकिन पुलिस सिर्फ आवेदन लेकर खानापूर्ति करती नजर आई।

एक ओर मरीज इलाज के भरोसे अस्पताल पहुंचते हैं, दूसरी ओर अस्पताल खुद असुरक्षा के साये में जी रहा है। लगातार हो रही चोरियों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर विजयपुर पुलिस की नींद कब खुलेगी? क्या चोर यूं ही सरकारी संपत्ति पर हाथ साफ करते रहेंगे, या फिर कभी इन घटनाओं की गूंज थाने की फाइलों से बाहर भी सुनाई देगी।

## सहरिया अंचल में स्वास्थ्य क्रांति की नई शुरुआत

**धरती संस्था और अप्रावा एनर्जी लिमिटेड ने स्वास्थ्य विभाग को सौंपे आधुनिक उपकरण, दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं**

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 26 मई।** विजयपुर ब्लॉक के दूरस्थ और वंचित सहरिया बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती देने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना के तहत धरती संस्था एवं अप्रावा एनर्जी लिमिटेड के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में स्वास्थ्य सामग्री एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि यह पहल जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी तथा आमजन को समय पर उपचार और स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम में दिलीप दंडोतिया (बीपीएम), कमल किशोर जाटव (बीसीएम), साहिब कुरैशी (बीईई), डॉ. नेहा त्यागी, धर्मेंद्र गौड़ (सीएचओ), साधना बॉथम, कला देवी, अंजिता मरकाम, पुष्पा आदिवासी (एएनएम) सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता, गर्भवती महिलाएं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं धरती संस्था की ओर से दशरथ अहिरवार (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर), सीताराम शर्मा, वीरेंद्र कुमार, अशोक आदिवासी, जगमोहन जाटव एवं प्रीति सेन (क्लस्टर कोऑर्डिनेटर) ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**अंचलों में बेहतर होगा स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की साझेदारी से ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर होगा। आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से स्वास्थ्यकर्मियों को कार्य करने में सुविधा मिलेगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त हो सकेगा। विजयपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### सजल धरा अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**श्योपुर, 26 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा वर्षा जल के संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य प्राथमिकता से कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिले के सभी प्रमुख शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में वर्षा जल संचयन हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्षा जल का भूमि में संग्रहण करना है, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि हो सके, इस कार्य को क्रियान्वित करने के लिए सजल धरा अभियान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद को ग्रामीण क्षेत्र के लिए तथा अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को नगरीय क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा एचईई ईई एलपी सिंह को ग्रामीण तथा नगरीय दोनों क्षेत्रों के लिये सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले भर में चैकिंग अभियान जारी

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 26 मई।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बसों की विशेष चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज विजयपुर अनुभाग में एसडीपीओ श्री राघवेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी विजयपुर भागवत प्रसाद पांडेय द्वारा पुलिस टीम के साथ बसों एवं अन्य वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

**विजयपुर में 4 बसों सहित 5 अन्य वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई**

**4 बसों पर चालानी कार्रवाई:** चेकिंग के दौरान यात्री बसों के फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग, और अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। नियमों में कमियां पाए जाने पर 4 बसों के खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। 5 अन्य वाहनों पर भी कसा शिकंजा: बसों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 5 अन्य वाहनों पर भी पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटकर शमन शुल्क वसूला। यातायात प्रभारी द्वारा सभी बस चालकों और संचालकों को हिदायत दी गई कि वे बसों में निर्धारित सवारी ही बैठाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं और सभी वैध दस्तावेज हमेशा साथ रखें।

**इनका कहना है...**

यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

**- सुधीर अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्योपुर**